दिनांक–13.09.2024
समय–7.10एएम
प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल

मुख्य समाचार :–

- प्रदेश में 25 अक्टूबर से 31 दिसम्बर तक होगी किसानों से समर्थन मूल्य पर सोयाबीन की खरीदी।
- प्रदेश में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के सात सौ से अधिक लोगों को सुरक्षित निकाला गया।
- पोषण माह के तहत प्रदेश में कार्यक्रमों का आयोजन।

- प्रदेश में आज भी कुछ जिलों में बारिश का अलर्ट। 16 सितम्बर से बारिश का एक और दौर शुरू होने की संभावना।

## सोयाबीन समर्थन मुल्य

प्रदेश में किसानों से समर्थन मूल्य पर सोयाबीन खरीदी का कार्य 25 अक्तूबर से 31 दिसंबर तक किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर मुख्य सचिव वीरा राणा की अध्यक्षता में खरीदी कार्य के लिए उत्कृष्ट व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए कल हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया। मुख्य सचिव ने बैठक में खरीफ कृषि उपज की समीक्षा करते हुए सोयाबीन खरीदी की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए राजस्व विभाग को गिरदावरी का कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। उन्होंने ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर 25 सितम्बर से 15 अक्टूबर तक किसानों द्वारा रजिस्ट्रेशन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुविधाजनक रूप से करने के लिए कहा है। बैठक में निर्णय लिया गया है कि समर्थन मूल्य पर सोयाबीन खरीदी की एजेंसी मार्कफेड होगी तथा भंडारण की व्यवस्था स्टेट वेयरहाउसिंग कारपोरेशन और बारदाना की व्यवस्था मार्कफेड द्वारा की जायेगी।

## मुख्यमंत्री–बहोरीबंद

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कटनी जिले के बहोरीबंद में 1011.05 करोड़ रूपये की लागत की बहोरीबंद उद्वहन माइक्रो सिंचाई परियोजना के निर्माण कार्यों का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि परियोजना से कटनी जिले की 4 तहसीलों के 151 गांव की 32 हजार हेक्टयर ज़मीन सिंचित होगी। इससे कृषकों द्वारा स्प्रिंकलर, ड्रिप लगाकर सिंचाई की जा सकेगी। इस पद्धति से कृषकों को कम पानी में अधिक सिंचाई का लाभ एवं उत्पादन मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि परियोजना से कटनी के नागरिकों को पेयजल आपूर्ति के प्रयास भी किये जाएगें। मुख्यमंत्री ने कटनी जिले में विकास के लिये 55 करोड़ के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि–पूजन भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या की तर्ज पर चित्रकूट धाम को भव्य और दिव्य बनाया जाएगा। गोपाल कृष्ण के नाम पर प्रदेश की सभी नगर पंचायत, नगर पालिका और नगर निगम में भगवत गीता के 18 अध्यायों पर केन्द्रित गीता भवन बनाये जायेंगे। बहोरीबंद को 15 वार्ड जोड़कर नगर परिषद बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किये।

## मध्यप्रदेश–बाढ़

प्रदेश के कई जिलों में लगातार बारिश से स्थिति बेकाबू हो गई है। इससे बांध लबालब भर गए हैं और नदियां उफान पर है। कई इलाकों में बाढ़ जैसी हालत है और सरकार को विभिन्न एजेंसियों के जरिए राहत और बचाव अभियान चलाना पड़ रहा है।

हमारे ग्वालियर संवाददाता ने बताया कि ग्वालियर जिले की डबरा तहसील के ग्राम सेंकरा व खेड़ीरायमल में पानी के बीच फंसे लगभग 125 लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया है। जिले के विभिन्न ग्रामों से कुल मिलाकर 525 लोगों को निकाला गया है। इन

सभी लोगों को अस्थायी राहत शिविरों में रखा गया है। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने बताया कि डबरा तहसील के ग्राम सेंकरा में फंसे लोगों को जिला प्रशासन व जनपद पंचायत के संयुक्त दलों ने कड़ी मेहनत व सूझबूझ के साथ एसडीआरएफ के सहयोग से सुरक्षित निकाल लिया। जिले में प्रभावित गाँवों व शहरी क्षेत्र में सेना की भी मदद ली जा रही है। कलेक्टर ने बताया कि आर्मी कैन्ट मुरार की दो बड़ी टीमें बचाव कार्य में सहयोग के लिये आई हैं। इस बीच लगातार जारी वर्षा के कारण आंगनबाड़ियों एवं नर्सरी से लेकर आठवीं कक्षा तक के बच्चों के लिए 13 व 14 सितम्बर को भी छुट्टी की घोषणा की गई है।

<u>स्वच्छता ही सेवा</u>

देश में 17 सितंबर से स्वच्छता ही सेवा राष्ट्रव्यापी अभियान प्रारंभ हो रहा है। इसके अंतर्गत आज शाम केन्द्र सरकार द्वारा इस आयोजन के शुभारंभ की औपचारिक घोषणा की जायेगी। केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खटटर, केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू के साथ देश के राज्यों के मंत्रीगण शामिल होंगे। इस मौके पर केन्द्रीय मंत्री देश में स्वच्छता के क्षेत्र में प्रमुख कार्य करने वाले नगरीय निकायों के सफाई मित्रों, संगठनों और संस्थाओं से चर्चा करेंगे। केन्द्रीय मंत्री इस मौके पर प्रदेश के झाबुआ शहर के सफाई मित्र एवं स्वच्छता टीम से ऑनलाइन संवाद करेंगे। उल्लेखनीय है कि 25 अगस्त को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में झाबुआ शहर में वेस्ट–टू–वेल्थ अवधारणा पर आधारित प्लास्टिक अपशिष्ट एवं अनुपयोगी सामग्री से तैयार किए गए 3–आर पार्क की सराहना की थी।

<u>नागदा आईटीआई</u>

कौशल विकास और रोजगार राज्यमंत्री तथा उज्जैन के प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल ने कल को नागदा में 1230.05 लाख रुपए की लागत के विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमि पूजन किया। इसमें एसडीआरएफ योजना के अंतर्गत 498.29 लाख रुपए की लागत से कन्या महाविद्यालय से जूना नागदा तक प्रथम चरण में नाला निर्माण शामिल है। मंत्री श्री टेटवाल ने कहा कि हर विधानसभा मुख्यालय पर आईटीआई संस्थान प्रारंभ करने की योजना सरकार द्वारा बनाई जा रही है। नागदा में भी शीघ्र ही नवीन आईटीआई कॉलेज प्रारंभ होगा। जिनमें– इलेक्ट्रॉनिक, कंप्यूटर साइंस ,कृषि, ड्रोन संचालन, ऑटोमोबाइल आदि में ट्रेड प्रारंभ किए जाएंगे । साथ ही कौशल प्रशिक्षण केंद्र भी स्थापित किए जाएंगे।

<u>पोषण माह</u>

पोषण माह के तहत प्रदेश में लगातार जनजागरुकता के कार्यकर्म आयोजित किए जा रहे है। आगरमालवा जिले में गर्भवती महिलाओं, धात्री माता और बच्चों के पोषण स्तर को सुधारने हेतु आंगनवाडियों पर आयोजित की जा ही विशेष गतिविधियों के साथ पोषण संबंधी जानकारी का व्यापक प्रसार–प्रचार किया जा रहा है। इसी कड़ी में कल आंगनवाड़ी केंद्र चांदनगांव में पोषण व्यंजन प्रदर्शनी का आयोजन कर कुपोषण को मिटाने का संदेश दिया गया। खण्डवा में पुनासा ब्लॉक में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के द्वारा पोषण मटका प्रदर्शनी के तौर पर लगाया गया है। परियोजना अधिकारी राजेंद्र सिंह सोलंकी ने बताया कि पोषण मटके में कोई भी ग्रामीण जन अनाज, फल, सब्जी दान कर सकता है। इसी तरह कृषि विज्ञान केंद्र डिंडौरी व महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा श्री अन्न व्यंजन प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम की नोडल अधिकारी श्रीमती रेणु पाठक ने बताया कि पोषण माह के अंतर्गत लघु धान्य (कोदो, कुटकी, रागी) से 45 व्यंजन महिलाओं ने बनाया है और प्रदर्शनी के रूप में अवलोकन हेतु रखा गया।

<u>स्वास्थ्य शिविर</u>

इंदौर में लोगों को बीमार पड़ने से बचाने के लिए 50,000 से भी ज्यादा लोगों के प्रीवेंटिव हेल्थ केयर टेस्ट निशुल्क किए जा रहे हैं। हेल्थ ऑफ इंदौर अभियान के अंतर्गत शहर के विभिन्न कॉलेज एवं यूनिवर्सिटीज में ब्लड टेस्ट किए जा रहे हैं। इस अभियान में

इससे पहले 2.50 लाख से ज़्यादा टेस्ट किए गए हैं। सांसद शंकर लालवानी ने कहा कि आज भी ये जांचें की जाएंगी। इन शिविरों में रक्त की विभिन्न जांच कर व्यक्ति के स्वास्थ्य की स्थिति देखी जायेगी, जो पूर्णतः निशुल्क होगी। रेडक्रॉस, सांसद सेवा संकल्प, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन और सेंट्रल लैब मिलकर ये आयोजन कर रहे हैं।

गेंहू स्टॉक

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने बताया है कि गेहूँ की उचित मूल्य पर उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से व्यापारियों को गेहूँ के स्टॉक की सीमा तय कर दी गयी है। 31 मार्च 2025 तक की अवधि के लिए व्यापारी/ थोक विक्रेता 3 हजार टन तक गेहूँ का भण्डारण कर सकता है। रिटेलर, प्रत्येक रिटेलर आउटलेट के लिए 10 टन और उनके सभी डिपो के लिए 3 हजार टन का गेंहूँ का स्टॉक रख सकेगा। प्रत्येक व्यापारी को धारित स्टॉक की घोषणा नियमित रूप से खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के पोर्टल पर करना होगी।

बारिश/मौसम

मौसम विभाग ने आज भी अशोकनगर, शिवपुरी, ग्वालियर, दतिया,श्योपुर और निवाड़ी जिलों के लिए अति भारी बारिश का ओरेंज अलर्ट जारी किया है। प्रदेश के अन्य जिलों के लिए कहीं–कहीं भारी वर्षा का यलों अलर्ट जारी किया गया है। इस बीच मौसम विभाग के वैज्ञानिकों ने बताया कि बंगाल की खाड़ी में एक और लो प्रेशर एरिया बन रहा है। जिसके प्रदेश में पहुंचने पर 16 सितम्बर से एक और दौर शुरू हो सकता है। इस बीच भोपाल में सितम्बर माह में 8 दशमलव 6 इंच बारिश हो चुकी है। फिलहाल आज और कल यहां बारिश से राहत मिल सकती है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रिश्वत लेने के मामले में मऊगंज जिले के अपर कलेक्टर अशोक कुमार ओहरी को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के आदेश दिए हैं। इस प्रकरण में लोकायुक्त द्वारा कार्यवाही की जा रही है।
- इन्दौर जिले में भी 14 सितम्बर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। इसके अंतर्गत जिला न्यायालय, श्रम न्यायालय, परिवार न्यायालय एवं तहसील स्तर पर तहसील न्यायालय, डॉ. अम्बेडकर नगर, देपालपुर, सांवेर व हातोद में आयोजन किये जाएंगे।
- गांधी मेडिकल कॉलेज, भोपाल में कल दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें 130 छात्रों को मेडिकल डिग्रियाँ प्रदान की गईं। मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ.डी.पी.लोकेवानी थे।
- इंदौर जिले एवं आस–पास के क्षेत्रों में रहने वाले पूर्व सैनिकों, वीर नारियों, विधवाओं एवं आश्रितों का मासिक सैनिक सम्मेलन का जिला सैनिक कल्याण कार्यालय इंदौर के सभाकक्ष में आज आयोजित किया गया है।
- सतना में म.प्र. राज्य पिछडा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया ने कल सर्किट हाउस में विभागीय अधिकारियों एवं सामाजिक संघों के पदाधिकारियों की बैठक लेकर पिछडा वर्ग कल्याण की योजनाओं की समीक्षा की।
- नीमच में शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में एक दिवसीय प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेन्टिसशिप मेले का आयोजन 20 सितम्बर और आईटीआई झाबुआ में 19 सितम्बर को होगा।

-----------------------------------

**न्यूज फॉर हिन्दी वैब -**

(1) मध्यप्रदेश-सोयाबीन समर्थन मुल्य

प्रदेश में किसानों से समर्थन मूल्य पर सोयाबीन खरीदी का कार्य 25 अक्तूबर से 31 दिसंबर तक किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर मुख्य सचिव वीरा राणा की अध्यक्षता में खरीदी कार्य के लिए उत्कृष्ट व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए कल हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया। मुख्य सचिव ने बैठक में खरीफ कृषि उपज की समीक्षा करते हुए सोयाबीन खरीदी की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए राजस्व विभाग को गिरदावरी का कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। उन्होंने ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर 25 सितम्बर से 15 अक्टूबर तक किसानों द्वारा रजिस्ट्रेशन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुविधाजनक रूप से करने के लिए कहा है। बैठक में निर्णय लिया गया है कि समर्थन मूल्य पर सोयाबीन खरीदी की एजेंसी मार्कफेड होगी तथा भंडारण की व्यवस्था स्टेट वेयरहाउसिंग कारपोरेशन और बारदाना की व्यवस्था मार्कफेड द्वारा की जायेगी।

(2) कटनी-बहोरीबंद-मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कटनी जिले के बहोरीबंद में 1011.05 करोड़ रूपये की लागत की बहोरीबंद उद्वहन माइक्रो सिंचाई परियोजना के निर्माण कार्यों का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि परियोजना से कटनी जिले की 4 तहसीलों के 151 गांव की 32 हजार हेक्टयर ज़मीन सिंचित होगी। इससे कृषकों द्वारा स्प्रिंकलर, ड्रिप लगाकर सिंचाई की जा सकेगी। इस पद्धति से कृषकों को कम पानी में अधिक सिंचाई का लाभ एवं उत्पादन मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि परियोजना से कटनी के नागरिकों को पेयजल आपूर्ति के प्रयास भी किये जाएगें। मुख्यमंत्री ने कटनी जिले में विकास के लिये 55 करोड़ के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या की तर्ज पर चित्रकूट धाम को भव्य और दिव्य बनाया जाएगा। गोपाल कृष्ण के नाम पर प्रदेश की सभी नगर पंचायत, नगर पालिका और नगर निगम में भगवत गीता के 18 अध्यायों पर केन्द्रित गीता भवन बनाये जायेंगे। बहोरीबंद को 15 वार्ड जोड़कर नगर परिषद बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किये।

(3) मध्यप्रदेश-बाढ़

प्रदेश के कई जिलों में लगातार बारिश से स्थिति बेकाबू हो गई है। इससे बांध लबालब भर गए हैं और नदियां उफान पर है। कई इलाकों में बाढ़ जैसी हालत है और सरकार को विभिन्न एजेंसियों के जरिए राहत और बचाव अभियान चलाना पड़ रहा है।
वीसी-50 सेकंड, संजीव शर्मा

हमारे ग्वालियर संवाददाता ने बताया कि ग्वालियर जिले की डबरा तहसील के ग्राम सेंकरा व खेड़ीरायमल में पानी के बीच फंसे लगभग 125 लोगों को सुरक्षित

निकाल लिया गया है। जिले के विभिन्न ग्रामों से कुल मिलाकर 525 लोगों को निकाला गया है। इन सभी लोगों को अस्थायी राहत शिविरों में रखा गया है। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने बताया कि डबरा तहसील के ग्राम सेंकरा में फंसे लोगों को जिला प्रशासन व जनपद पंचायत के संयुक्त दलों ने कड़ी मेहनत व सूझबूझ के साथ एसडीआरएफ के सहयोग से सुरक्षित निकाल लिया। जिले में प्रभावित गाँवों व शहरी क्षेत्र में सेना की भी मदद ली जा रही है। कलेक्टर ने बताया कि आर्मी कैन्ट मुरार की दो बड़ी टीमें बचाव कार्य में सहयोग के लिये आई हैं। इस बीच लगातार जारी वर्षा के कारण आंगनबाड़ियों एवं नर्सरी से लेकर आठवीं कक्षा तक के बच्चों के लिए 13 व 14 सितम्बर को भी छुट्टी की घोषणा की गई है।

### (4) मध्यप्रदेश-पोषण माह

पोषण माह के तहत प्रदेश में लगातार जनजागरुकता के कार्यकर्म आयोजित किए जा रहे है। आगरमालवा जिले में गर्भवती महिलाओं, धात्री माता और बच्चों के पोषण स्तर को सुधारने हेतु आंगनवाडियों पर आयोजित की जा ही विशेष गतिविधियों के साथ पोषण संबंधी जानकारी का व्यापक प्रसार-प्रचार किया जा रहा है। इसी कड़ी में कल आंगनवाड़ी केंद्र चांदनगांव में पोषण व्यंजन प्रदर्शनी का आयोजन कर कुपोषण को मिटाने का संदेश दिया गया। खण्डवा में पुनासा ब्लॉक में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के द्वारा पोषण मटका प्रदर्शनी के तौर पर लगाया गया है। परियोजना अधिकारी राजेंर्द्र सिंह सोलंकी ने बताया कि पोषण मटके में कोई भी ग्रामीण जन अनाज, फल, सब्जी दान कर सकता है। इसी तरह कृषि विज्ञान केंद्र डिंडौरी व महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा श्री अन्न व्यंजन प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम की नोडल अधिकारी श्रीमती रेणु पाठक ने बताया कि पोषण माह के अंतर्गत लघु धान्य (कोदो, कुटकी, रागी) से 45 व्यंजन महिलाओं ने बनाया है और प्रदर्शनी के रूप में अवलोकन हेतु रखा गया।

### (5) इंदौर-स्वास्थ्य शिविर

इंदौर में लोगों को बीमार पड़ने से बचाने के लिए 50,000 से भी ज्यादा लोगों के प्रीवेंटिव हेल्थ केयर टेस्ट निशुल्क किए जा रहे हैं। हेल्थ ऑफ इंदौर अभियान के अंतर्गत शहर के विभिन्न कॉलेज एवं यूनिवर्सिटीज में ब्लड टेस्ट किए जा रहे हैं। इस अभियान में इससे पहले 2.50 लाख से ज़्यादा टेस्ट किए गए हैं। सांसद शंकर लालवानी ने कहा कि आज भी ये जांचें की जाएंगी। इन शिविरों में रक्त की विभिन्न जांच कर व्यक्ति के स्वास्थ्य की स्थिति देखी जायेगी, जो पूर्णतः निशुल्क होगी। रेडक्रॉस, सांसद सेवा संकल्प, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन और सेंट्रल लैब मिलकर ये आयोजन कर रहे हैं।

**(6) मध्यप्रदेश-बारिश/मौसम**

**मौसम विभाग ने आज भी अशोकनगर, शिवपुरी, ग्वालियर, दतिया,श्योपुर और निवाड़ी जिलों के लिए अति भारी बारिश का ओरेंज अलर्ट जारी किया है। प्रदेश के अन्य जिलों के लिए कहीं-कहीं भारी वर्षा का यलो अलर्ट जारी किया गया है। इस बीच मौसम विभाग के वैज्ञानिकों ने बताया कि बंगाल की खाड़ी में एक और लो प्रेशर एरिया बन रहा है। जिसके प्रदेश में पहुंचने पर 16 सितम्बर से एक और दौर शुरू हो सकता है। इस बीच भोपाल में सितम्बर माह में 8 दशमलव 6 इंच बारिश हो चुकी है। फिलहाल आज और कल यहां बारिश से राहत मिल सकती है।**

**(7) उज्जैन-नागदा-आईटीआई**

**कौशल विकास और रोजगार राज्यमंत्री तथा उज्जैन के प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल ने कल को नागदा में 1230.05 लाख रुपए की लागत के विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमि पूजन किया। इसमें एसडीआरएफ योजना के अंतर्गत 498.29 लाख रुपए की लागत से कन्या महाविद्यालय से जूना नागदा तक प्रथम चरण में नाला निर्माण शामिल है। मंत्री श्री टेटवाल ने कहा कि हर विधानसभा मुख्यालय पर आईटीआई संस्थान प्रारंभ करने की योजना सरकार द्वारा बनाई जा रही है। नागदा में भी शीघ्र ही नवीन आईटीआई कॉलेज प्रारंभ होगा। जिनमें- इलेक्ट्रॉनिक, कंप्यूटर साइंस ,कृषि, ड्रोन संचालन, ऑटोमोबाइल आदि में ट्रेड प्रारंभ किए जाएंगे । साथ ही कौशल प्रशिक्षण केंद्र भी स्थापित किए जाएंगे।**

**(8) मध्यप्रदेश-गेंहू स्टॉक**

**खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने बताया है कि गेहूँ की उचित मूल्य पर उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से व्यापारियों को गेहूँ के स्टॉक की सीमा तय कर दी गयी है। 31 मार्च 2025 तक की अवधि के लिए व्यापारी/ थोक विक्रेता 3 हजार टन तक गेहूँ का भण्डारण कर सकता है। रिटेलर, प्रत्येक रिटेलर आउटलेट के लिए 10 टन और उनके सभी डिपो के लिए 3 हजार टन का गेंहूँ का स्टॉक रख सकेगा। प्रत्येक व्यापारी को धारित स्टॉक की घोषणा नियमित रूप से खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के पोर्टल पर करना होगी।**

-----------------